आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर कांग्रेस की गारंटियों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेताओं से पूछा की वे बताएं कि सरकार ने कौन सी गारंटियां पूरी की हैं। अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ बिल को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इसके पास होने से वक्फ बोर्ड को होने वाली कमाई से मुस्लिम जनता का तेजी से विकास हो सकेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अभी तक वक्फ बोर्ड के माध्यम से केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा था, जिसे अब बंद कर दिया गया है।

इस बीच अनुराग ठाकुर ने समीरपुर पहुंचकर अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को जन्मदिवस की बधाई दी।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन में पिछले कुछ समय से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसमें राजनीतिक लोगों की भी मिली भगत है। बिक्रम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऊना के पेखूवेला सोलर पावर प्लांट और शॉगटॉग हाईडल पावर प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सितम्बर 2024 में प्रदेश सरकार को आगाह किया था। अगर सरकार ने उनकी बात सुन ली होती तो आज विमल नेगी जिंदा होते।

बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया कि विमल नेगी मौत मामले में आरोपी हरिकेश मीणा और देशराज को प्रदेश सरकार बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि यदि विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच होगी तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की परतें खुल सकती हैं।

एक्ट

प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने नवगठित शहरी स्थानीय निकायों में हिमाचल प्रदेश ओपन पैलेसेज एक्ट 1995 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस एक्ट के तहत सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने पर जुर्माने और कारावास का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ये कानून मूल रुप से सार्वजनिक

स्थानों पर विज्ञापनों को बिना इज़ाजत लगाने को लेकर है। प्रवक्ता ने कहा कि सभी लक्षित क्षेत्रों में इस कानून के एक समान कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार ने अतिरिक्त शहरी स्थानीय निकायों में अधिनियम के प्रर्वतन को मंजूरी दी है।

विश्व होम्योपैथी दिवस

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार देश में 10 करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं। होम्योपैथी में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद के तहत 35 से अधिक शोध केंद्र साक्ष्य–आधारित होम्योपैथी को बढ़ावा देते हैं। सोलन स्थित होम्योपैथी औषधालय में इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को होम्योपैथी की विशेषताओं के बारे में जागरूक किया गया।

सिल्क रूट

प्रदेश की वादियों में एक बार फिर रोमांच और साहस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। हिमालयन एक्सपेडिशन द्वारा कल शुक्रवार को शिमला के नारकंडा से सराहन तक सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नारकंडा से इस दौड़ का शुभारंभ करेंगे।

———————————————